**खबर संक्षेप**

## छात्रवृत्ति एवं आवास भत्ता हेतु के निराकरण हेतु कैम्प का आयोजन

**मण्डला।** प्राधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मण्डला में अध्ययनरत एसटी, एससी एवं ओबीसी के पात्र सभी विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना की सुविधा का लाभ प्रदान करने हेतु महाविद्यालय में दिनांक 30.12.2024 को 02 बजे से 05 बजे तक बृहद कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में ऐसे सभी विद्यार्थी जिन्होंने एम.पी.टास.पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर चुके हैं उनके आवेदन पत्र का सत्यापन/स्वीकृत एक ही कक्षा में किया जायेगा। प्राचार्य डॉ.अनिल गुप्ता ने बताया कि पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना म.प्र.शासन की छात्र हितैषी योजना है। छात्रों को योजना का त्वरित लाभ प्रदान करते हुए नवाचार के तहत कैम्प का यह अभिनव प्रयोग महाविद्यालय में प्रारम्भ किया जा रहा है, जो न केवल जिला बल्कि प्रदेष के लिये भी अनुकरणीय होगा। जिससे आवेदन पत्र सत्यापन हेतु विद्यार्थियों को कक्षा के समय यहाँ-वहाँ न भटकना पड़े। उनके आवेदन पत्र का सत्यापन/निराकरण एक समय एक ही कक्ष में तत्काल किया जा सके। इस के लिए कक्षावार विभिन्न टीमों का गठन कर दिया गया है तथा प्राचार्य की अध्यक्षता में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ. व्ही.के. चौरसिया, डॉ. टी.पी. मिश्रा, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव एवं डॉ.एस.एस.ज्योतिषी को कैम्प के सतत निगरानी के रूप में निर्देषित किया गया है। नोडल अधिकारी डॉ. पी.एल. झारिया ने सभी पात्र विद्यार्थियों को निर्देषित किया है कि वे सूचना पटल पर प्रदर्षित/उल्लेखित सम्पूर्ण दस्तावेजों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर निर्धारित तिथि, कक्ष एवं समय में उपस्थित होकर छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना का लाभ प्राप्त करें।

### किसानों को लाभ पहुंचाने हेतु शिविर और संगोष्ठियों का हो आयोजन

# सिंचाई का रकबा बढ़ाने विस्तृत कार्य योजना

*** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में बोले सांसद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि जिले के किसानों को नियमित रूप से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। किसानों के लिए किसी भी स्थिति में उर्वरक की कमी नहीं होना चाहिए। उर्वरक के लिए निर्धारित समय से पूर्व आवंटन का प्रस्ताव भेजा जाए, जिससे किसानों को रबी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होता रहे। उन्होंने जिले में रबी फसल बुआई का रकबा बढ़ाने को कहा, इसके लिए जिले के किसानों को उन्नत उर्वरक और बीज का वितरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। जिससे इसका लाभ किसानों को मिल सके। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते गुरूवार को जिला योजना भवन में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। आयोजित बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम उर्वरक प्रदाय नवाचार के माध्यम से गांव-गांव में जाकर किसानों की मांग के अनुरूप उर्वरक की आपूर्ति की गई है। इससे किसानों को रबी फसल हेतु समय सीमा में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि जिले के किसानों को जैविक फसलों का उत्पादन करने के लिए प्रेरित करें, जिससे किसान अपने खेतों में नवीनतम तकनीकि को अपनाकर फसल का पैदावार बढ़ा सकें। उन्होंने किसानों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए शिविर और संगोष्ठियों का आयोजन करने के निर्देश दिए। आयोजित शिविर और संगोष्ठियों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें। सांसद श्री कुलस्ते ने जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना का लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे इस योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिल सके। उन्होंने किसानों को अनुसंधान केन्द्र प्रोसेसिंग यूनिट क्षेत्र और संपन्न किसानों के खेतों में भ्रमण कराने के निर्देश दिए। जिससे किसान इन क्षेत्रों से मार्गदर्शन प्राप्त कर आधुनिक पद्धति से खेती कर सकें। सांसद श्री कुलस्ते ने निर्देशित किया कि जिले में संचालित लोकसेवा गारंटी केन्द्रों की कार्य व्यवस्थाओं में सुधार करें। लोकसेवा केन्द्र में आने वाले आवेदकों को निर्धारित समय-सीमा में जानकारी देना सुनिश्चित करें।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि जिले में सिचाई का रकबा बढ़ाने और पेयजल समस्याओं का निराकरण हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाएं, जिससे किसानों को सिचाई और नागरिकों के लिए पेयजल हेतु पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध होता रहे। उन्होंने कहा कि जिले में सिचाई का रकबा बढ़ने से किसान फसलों का उत्पादन बढ़ाएंगे और संपन्न किसान बनेंगे। उन्होंने जिले में कोदो-कुटकी उत्पादन के क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र बनाने के निर्देश दिए, जिससे दूसरे राज्यों के किसान इन क्षेत्रों का भ्रमण कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। सांसद श्री कुलस्ते ने इस दौरान जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित किसानों को शासन के मापदंड अनुसार निर्धारित मुआवजा राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। इन परियोजना में प्रभावित लोगों के नाम, जमीन, मुआवजा तथा महत्व के संबंध में फ्लेक्स या मुनादि के माध्यम से जानकारी देने को कहा। जिससे नागरिकों को बांध की उपयोगिता के संबंध में जानकारी मिल सके। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने बांध निर्माण और नहर निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्वक समय सीमा में करने को कहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर वसूली की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्वक होना चाहिए। सड़क निर्माण के दौरान सांकेतिक चिन्ह अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। सड़क निर्माण कार्य के दौरान अनुपयोगी मटेरियल को हटाया जाए, जिससे वाहनों की आवाजाही में किसी भी प्रकार की रूकावट या दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने इस दौरान सड़क निर्माण कार्यों के साथ-साथ पुल-पुलियों का निर्माण, बायपास सड़क निर्माण, ओवर ब्रिज निर्माण, सड़क मरम्मत कार्य इत्यादि की समीक्षा की। उन्होंने जिले में सड़क निर्माण की गति बढ़ाने के लिए विभागीय अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने को कहा, जिससे जिले में पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा सके। सांसद श्री कुलस्ते ने बैठक में पीएम जनमन योजना के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत बैगा जनजाति परिवारों के लिए आधार कार्ड, जनधन बैंक खाते, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और राशन कार्ड के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बैगा जनजाति के परिवारों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं से सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लाभान्वित किया जाये। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के प्रगति और निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने आयोजित बैठक में सांसद आदर्श ग्राम योजना, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित योजना तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम संसद सदस्य स्थानीय विकास योजना तथा सीएम राईज स्कूल हेतु भूमि आवंटन योजना के संबंध में समीक्षा की।




## क्रिकेट खिलाड़ियों की हरकतों से नाराज हुये जिले के पहलवान



*** जिला कुश्ती एकेडमी में की गंदगी और अनुशासन हीनता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पिछले दिनों नगर में संभाग स्तरीय पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में भाग लेने जिले से बाहर की क्रिकेट टीमों का मण्डला आगमन हुआ इन क्रिकेट खिलाड़ियों के रहने के लिये स्टेडियम में उपलब्ध जिला कुश्ती एकेडमी के भवन का उपयोग किया गया। रानी दुर्गावती महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी गुलबहार खान के व्यक्तिगत अनुरोध पर जिला कुश्ती संघ ने इस एकेडमी भवन को क्रिकेट खिलाड़ियों के रहने के लिये उपलब्ध कराया और उस समय क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा यह कहा भी गया था कि भवन की स्वच्छता एवं पवित्रता का पूरा ध्यान रखा जायेगा और जैसी स्थिति में भवन दिया जा रहा है उसी स्थिति में पहलवानों को वापिस किया जायेगा लेकिन प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद और जब बाहर से आये क्रिकेट खिलाड़ी इस एकेडमी भवन को खाली कर गये तो यहां कुश्ती की तैयारी करने वाले पहलवानों ने देखा कि पूरे भवन में गंदगी फैली हुई थी गुटका पाऊच पूरे भवन में बिखरे थे साथ ही जिस मेट में पहलवान कुश्ती की तैयारी करते हैं और जिसे भगवान स्वरूप सम्मान देते हैं उस मेट पर गुटखा खाकर थूका गया था और तो और भवन में जहां पर पूजा का स्थान भी है उस कमरे में शराबखोरी तक की गई। इन सब बातों से क्रीड़ा अधिकारी को अवगत कराया गया उन्होंने महज सफाई का आश्वासन दिया लेकिन किया कुछ नहीं बाद में संघ के लोगों का फोन भी उठाना इन क्रीड़ा अधिकारी ने उचित नहीं समझा।



## वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**मण्डला।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया है , सिख परम्परा के दसवें गुरु श्री गुरुगोविंद सिंह जी के पुत्रों श्री जोरावर सिंह एवं श्री फतेह सिंह जी की स्मृति में आज जिले के स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में बीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मण्डला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी और नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने दोनों साहबजादों की वीरता को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, मण्डला नगर मंडल अध्यक्ष रानू राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को दोनों साहबजादों की वीरता के संस्मरण आगंतुकों द्वारा वर्णन करते हुए कहा कि आज गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान दिवस पर हम उनके अद्वितीय त्याग और साहस को शत शत बार नमन करते हैं। सिख परंपरा के माध्यम से भारत की पहचान एक शक्तिशाली सांस्कृतिक और गौरवशाली देश के रूप में होती है भारत माता के इन सपूतों का त्याग बलिदान समर्पण युगों तक याद किया जाएगा। कार्यक्रम उपरांत सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते महाराजपुर स्थित गुरुद्वारा में शब्द कीर्तन का श्रवण कर पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका इस अवसर पर श्री भीष्म द्विवेदी अमृत पाल सिंह सुधीर कसार शशि पटेल रानू राजपूत मनोज ताम्रकार सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 3 वर्ष से नहीं बन पा रही है टिकरिया से चुटका सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज




जनपद पंचायत नारायणगंज के टिकरिया से चुटका मार्ग निर्माण की सुकृति लगभग 3 बरस पूर्ण हो चुकी है 2 वर्ष पूर्व एक ठेकेदार द्वारा इसका कर भी प्रारंभ किया गया जिसकी द्वारा जगह-जगह पर रोड को खोद कर छोड़ दिया गया है पूर्व के ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर किसी अन्य ठेकेदार को काय सोप जाना है परंतु 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी अन्य ठेकेदार को काय नहीं सोपा गया वर्तमान स्थिति में टिकरिया से चुटका रोड की हालत बेहद जर्जर हो गई है बीते वर्षों में अनेक दुर्घटना हो चुकी है दर्जनों लोग जर्जर रोड के कारण काल के गाल में समा गए हैं बारिश के दिनों में आवागम पूर्णता है कष्टदाई हो जाता है आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लगभग 25 से 30 गांव को जोड़ने वाली इस मार्ग में से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है परंतु इस और शासन , प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है इस मार्ग में करीबन 9 पंचायत हैं जिसमें सिकोसी देवहार खमरिया मानेगांव सिंगौघा घोट खेड़ा पाठा पिंडरई इन 9 पंचायत में के लोग इस तरह परेशान हो रहे हैं बार-बार आवेदन संबंधित अधिकारियों को दिया गया परंतु आज तक रोड निर्माण कर चालू नहीं किया गया लोगों को मजबूरी बस क्षेत्रीय जन उग्र आंदोलन करने की स्थिति निर्मित हो सकती है जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल शताब्दी के उपलक्ष में ग्राम पंचायत का भूमि पूजन



**नारायणगंज।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सबी जयंती के उपलक्ष में नवगठित ग्राम पंचायत देवरी विकासखंड नारायणगंज में नवीन ग्राम पंचायत भवन का भूमि पूजन किया गया जिसमें सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति रही मुख्य रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष आसाराम भारतीय उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष किशन तेकामप पूव मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा महामंत्री राकेश अग्रवाल किसान मोर्चा मंडल के अध्यक्ष भगवान प्रसाद मिश्रा वरिष्ठ समाजसेवी मल्लू सिंह मरावी गया चक्रवर्ती, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरी शंकर डेहरिया सरपंच संध्या माको को सचिव खुमान सिंह उईके के सहायक सचिव रामेश्वर सिंगरौर उप सरपंच राजकुमार झरिया एवं ग्राम पंचायत के समस्त पांच गाणो की उपस्थिति एवं गणमान नगरियों की उपस्थिति सराहनी रही जिसमें भूमि पूजन के कार्यक्रम में पंडित कृष्ण कुमार मिश्रा के द्वारा भूमि पूजन कराया गया।

## भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. संभाग जबलपुर की संभागीय रैली में शामिल होने मण्डला से 110 स्काउट और गाइड रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग पदेन जिला कमिश्नर स्काउट मण्डला संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में 54 स्काउट 45 गाइड 11 यूनिट लीडर सहित कुल 110 स्काउट एवं गाइड का दल आज़ रवाना हुआ। संभागीय रैली में स्काउट एवं गाइड विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभाओं को निखारेंगे स्काउट एवं गाइड को साथ में लेकर यूनिट लीडर कन्हैया बरमैया (दल प्रभारी) उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला, लोक सिंह पदम,मनोज कुड़ापे, गोविंद प्रसाद, प्रेम सिंह मार्को, प्रीति मसराम, रजनी सिलेकर, दिव्या मरावी, आरती कोल,लीमा कुजूर प्रियंका पन्द्रो, रवाना हुए जिला मण्डला अच्छा प्रदर्शन करे इस हेतु जिला मुख्य आयुक्त संजय तिवारी, जिला अध्यक्ष अजय खोत, डॉ उपेंद्र शुक्ला, अखिलेश चंद्रौल, डॉ. रश्मि बाजपेयी, गीता काल्पीवार, के के पटेल, सावित्री सांड्या, कल्पना नागेश्वर, सहित सभी पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की है स्काउट गाइड को बस द्वारा रवाना होने पर उत्कृष्ट प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने हरी झंडी दिखाई एवं जिला सचिव दिनेश दुबे ने सभी को जिले की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं विकास खंड शिक्षा अधिकारी मंडला पदेन ब्लाक कमिश्नर स्काउट रंजीत गुप्ता, विवेक शुक्ला ने भी सभी को शुभकामनाएं दिया है।

**कार्यवाही** | अब 9 जनवरी तक का मिला समय, 10 जनवरी को होगी कार्यवाही।

# अतिक्रमण हटाने की तिथि में किया गया परिवर्तन

*** अतिक्रमणकारियों को भेजा गया नोटिस।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज





ग्राम पंचायत खैरी द्वाराकी सूचना द्वारा शासकीय प्रचलित बाजार एरिया में किए गए अतिक्रमण को पूर्व जारी नोटिस अनुसार जिस बाजार स्थल एवं जल निगम द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है उस स्थल सहित अति क्यों हटाए जाने हेतु तारीख निश्चित की गई थी जिसमें जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी गौरी शंकर डेहारिया एवं पेसा एक्ट अंतर्गत शांति एवं निवारण समिति के सदस्य गया चक्रवर्ती, रघुनंदन विश्वकर्मा, मनोज मिश्रा चंद्रशेखर तिवारी सागर टेकाम गीता हाथले एवं सरपंच श्रीमती शांतिबाई परस्ते दीपक सोनी उप सरपंच एवं समस्त पांचों व सचिव अनिल कुमार शर्मा द्वारा समस्त अतिक्रमणकर्ताओं को ग्राम के नागरिको के समक्ष समझाइश दी गई की पानी टंकी निर्माण जन कल्याणकारी योजना है जिसका कार्य प्रगति रात है । कहते कैमरा करता हूँ को पूर्व सूचना अनुसार हटाया गया है एवं शासकीय बाजार एरिया में अतिक्रमणकर्ताओं ने बिना ग्राम पंचायत के अनुमति के निर्माण पक्का निर्माण किया है उनको किया उनको भी 27.12.2024 को अतिक्रमण से बे दखल करने की कार्यवाही ग्राम पंचायत द्वारा की जा रही जिसमें सभी सहयोग करें जिसके लिए नोटिस तमिल कार्य जा कर शासन से सहयोग की अपेक्षा की गई थी परंतु उक्त 27.12.2024 को शासकीय बाजार एरिया से अतिक्रमण हटाए जाने की तिथि में परिवर्तन किया गया है जिसमें तहसीलदार सुश्री रेना तामिया के द्वारा अतिक्रमण कर्ताओं को अतिक्रमण स्वयं से हटाने हेतु 09 जनवरी 2025 तक अवसर दिया गया है (ग्राम पंचायत को दिए गए दूरभाष संदेश के अनुसार) तत्पश्चात यदि अतिक्रमण, अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा स्वयं से नहीं हटाया जाता है, तो 10.1.2025 को पूर्व जारी आदेश के अंतर्गत अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी उक्त सूचना समस्त अतिक्रमण करता एवं प्रसारित किए गए आमंत्रित किए गए सदस्यों तक समाचार के माध्यम से प्रकाशित की जाती है।

बनार चलो .. बनार चलो.. बनार चलो

सर्व मूलनिवासी समाज के तत्वावधान में

5 दिवसीय कोया पुनेम

दिनांक 26.12.2024 से 30.12.2024 तक

तिरु. मंगलशाह पन्दे जी धर्माचार्य द्वारा प्रतिदिन प्रवचन एवं सुमरनी पाटा संगीतमय सुबह 8.00 से 10.00 एवं 1.00 से 4.00 बजे तक

ग्राम बनार (बबलिया) विखं. नारायणगंज तह. नारायणगंज जिला मण्डला (म.प्र.)

सरपंच - सत्ती लाल सैयाम
ग्राम पंचायत बनार
मोबा.7828592986



निवेदक-
गोंडवाना समग्र
विकास क्रान्ति आंदोलन

खबर संक्षेप

## कब्जाधारियों को आवंटित पट्टों की जांच शुरू



डिंडोरी। जिला मुख्यालय में कब्जाधारियों को शासकीय योजना के तहत आवंटित पट्टों की जांच गुरुवार से शुरू हो गई है।इस दौरान राजस्व और नगर परिषद की संयुक्त टीम ने मौकें पर पहुंच दस्तावेजों का अवलोकन किया और आवेदन पत्र से मिलान किया।गुरुवार को सिविल लाइन में 32 पट्टों की जांच में कोई कमी नहीं पाई गई है।जाँच टीम ने सरकारी भवनों से सटकर किये गये कब्जों पर जारी किये गये पट्टों की सूची तैयार की है।जिसे अधिकारियों को सौंपा जावेगा।जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन में धारणाधिकार योजना के साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पीला भू अधिकार पत्र जारी किया गया है।गौरतलब है कि सिविल लाइन क्षेत्र में सरकारी भवनों के पट्टा जारी करने के साथ अपात्रों को योजना का लाभ देने की शिकायत प्रशासन से की गई थी।जिसके बाद कलेक्टर के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने जांच शुरू की है।उक्त टीम में राजस्व निरीक्षक नेवसा वृत,आर आई दीपक रघुवंशी, नजूल राजस्व निरीक्षक जितेंद्र रजक,स्थानीय पटवारी बीपी साहू,आर आई नगर परिषद प्रदीप रजक शामिल हैं।

## आई.आई.टी. की छात्रा ने प्रषासन से की लैपटॉप की मांग



डिंडौरी। जिले के सक्का गांव की रहने वाली एक छात्रा आई. आई. टी. रूड़की उत्तराखंड में अध्ययनरत है लेकिन माली हालत ऐसी नही कि वह एक लैपटॉप खरीद सके। मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी इसी समस्या के निदान के लिए लिखित आवेदन के माध्यम से लैपटॉप की मांग की है। सोनिया बनवासी के पिता राधेष्याम बनवासी मजदूर है और मां आंगनबाडी कार्यकर्ता ,परिवार में एक छोटी बहिन है जो सक्का हायर सेकेंडरी स्कूल में 11वीं की छात्रा है। सोनिया 5वीं तक अपने गृह ग्राम सक्का में पढ़ी है ,इसके बाद उसका चयन नवोदय विद्यालय में हो गया और 12वीं तक की षिक्षा नवोदय में प्राप्त की 2023 में नवोदय विद्यालय से 86 प्रतिषत अंको के साथ 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद कोचिंग के लिए कोचिंग सेंटर में ऑनलाईन आवेदन किया जिसमें सुपर 60 कोचिंग सेंटर बनारस में उसका चयन हो गया और आई. आई टी. की तैयारी करने लगी जुलाई 2023 से मई 2024 तक कोचिंग सेंटर में कोचिंग के बाद उसका चयन आई. आई. टी में हो गया ,वह उत्तराखंड के रूड़की सेंटर में एडमीषन ले लिया, जहां 6 माह में 53 हजार रूपये फीस जमा करना पड़ रहा है। किसी तरह माता पिता बेटी के भविष्य को सवांरने के लिए फीस की व्यवस्था कर पा रहे है, लेकिन माली हालत ऐसी नही कि बेटी के लिए लैपटॉप खरीद सके। आलम यह है कि मैथस और कम्प्यूटर विषय से पढाई कर रही सोनिया के लिए विषयवस्तु के साथ ऑनलाईन षिक्षा सहित अन्य जानकारी के लिए लैपटॉप आवष्यक है। इस संबंध में सोनिया से बात चीत की गई तो उन्होने बतलाया कि जरूरी तकनीकि और ऑनलाईन पढाई के लिए लैपटॉप होना अनिवार्य है लेकिन परिवारिक हालात ऐसे नही कि फीस के अलावा लैपटॉप खरीदा जा सके। तब उसने निर्णय लिया कि प्रषासन से गुहार लगाये इसके मद्दे नजर अपने पिता के साथ जनसुनवाई में पहुंची थी जहां उसे कलेक्टर से मिलने की सलाह दी गई है।

## मानिकपुर में गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के शहादत पर वीर बाल दिवस आयोजित



डिंडौरी न्यूज। प्रदेश संगठन नेतृत्व व भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया के मार्गदर्शन में मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र गोलू सिंह मरावी की उपस्थिति में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मानिकपुर विद्यालय में वीर सपूतों की शहादत की याद में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षक बी.पी असाटी, संकुल प्राचार्य आई के मिश्रा, मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र मरावी, सहसंयोजक डॉक्टर अर्जुन झारिया, सहसंयोजक उत्तम चंद असाटी, कार्यक्रम प्रभारी धर्मेंद्र झारिया, रोहित असाटी , शिक्षक पुष्प कुमार, विद्यालय स्टाफ,सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### नलजल योजना के नाम पर 32 लाख रूपये खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पेयजल

# दो साल से पेयजल के इंतजार में ग्रामीण

**शोपीस बनी जल जीवन मिशन योजना**

**पीएचई विभाग के अधिकारियों पर लग रहे हैं लापरवाही के आरोप**

एक तरफ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांछी योजना संचालित कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ अफसरों की लापरवाही और मनमानी के चलते सरकार की जनकल्याणकारी योजना दम तोड़ते हुए नजर आ रही है।



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

मामला शहपुरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़झर गांव का है जहां दो साल पहले जल जीवन मिशन योजना के तहत करीब 32 लाख रूपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण,पाइपलाइन बिछाने एवं घर घर में नलजल योजना के कनेक्शन किये गए थे लेकिन दो साल गुजर जाने के बाद भी ग्रामीणों को इस योजना का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है की नलजल योजना से उन्हें सिर्फ एक दिन ही पानी मिला है और करीब दो साल से योजना ठप्प पड़ी हुई है। ग्रामीणों का कहना यह भी है की दिखावे के लिए गांव में पाइपलाइन बिछाकर घरों में नलजल योजना के कनेक्शन लगा दिए गए हैं और पानी टंकी का निर्माण करवा दिया गया है। बड़झर गांव के ग्रामीण आज भी शुद्ध पानी के लिए दूरदराज के हैंडपंप एवं कुएं पर निर्भर हैं। ग्रामपंचायत के सरपंच शिवकुमार का कहना है उन्होंने कई बार पीएचई विभाग के अधिकारीयों से शिकायत की है लेकिन अधिकारीयों ने अबतक उनके गांव की सुध नहीं ली है तो वहीं पीएचई विभाग के एसडीओ राजेश गौतम से जब हमने बड़झर गांव में बंद पड़ी नलजल योजना को लेकर बात की तो उनका कहना है की पानी का स्त्रोत नहीं मिल पाने की वजह से योजना के संचालन में दिक्कत हो रही है। एसडीओ साहब का कहना है की बड़झर गांव के कुछ मोहल्ले में एक महीने पहले तक नलजल योजना से पानी की आपूर्ति की जा रही थी लेकिन जिस मोहल्ले में पानी की टंकी और नलजल योजना का बड़ा बोर्ड लगा हुआ है उस मोहल्ले में दो साल से बंद पड़ी योजना को लेकर वे गोलमोल बातें करते हुए नजर आ रहे हैं। जल ही जीवन है का नारा अलापने वाले पीएचई विभाग के अधिकारीयों के दावों में कितनी सच्चाई है जिसका अंदाजा ग्रामीणों की परेषानियों को देखकर बड़ी आसानी से लगाया जा सकता है। आलम यह है कि ग्रामींणों को पेयजल के लिए भटकना पडता है और दूषित पानी तक पीना पडता है।

**इनका कहना है -**

अधिकारियों की लापरवाही से पाईप लाईन बिछाने के बाद भी पेयजल उपलब्ध नही हो पा रहा है , इस संबंध में तीन से चार बार पीएचई विभाग में आवेदन कर चुका हूॅ।

**शिवकुमार,सरपंच**

जल जीवन मिषन के तहत काम पूर्ण हो चुका है पानी का स्त्रोत नही होने के कारण सप्लाई नही की जा रही है , जल उपलब्धता के लिए पूर्व में बोर कराये गये थे लेकिन पर्याप्त पानी नही है दूसरे स्थल में चिन्हित किया गया है शीघ ही उत्खनन के बाद ग्रामींणों को पानी मिल पायेगा।

**राजेश गौतम,एसडीओ,पीएचई विभाग, शहपुरा**

## पेंथर मंडला को 8 विकेट से शिकस्त देकर वाईएससी अमरपुर फाइनल में किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट्स क्लब अमरपुर के तत्वाधान में स्व. लोकमन साहू स्टेडियम में 11 दिसंबर से चल रही टी 20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में वाईएससी अमरपुर और पेंथर मंडला के मध्य मैच खेला गया। टांस फेंका गया जोकि पेंथर मंडला के पक्ष में रहा। पेंथर मंडला ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पेंथर मंडला के लिए ओपो पांडे 21 रन, नयन 18 रन, अमन यादव 12 रन एवं मोहित 10 रनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक भी नहीं पहुंच पाए। पेंथर मंडला महज 10 ओवरों में ही मात्र 88 रनों पर ही सिमट गई। वाईएससी अमरपुर के लिए गेंदबाजी करते हुए राहुल जायसवाल 3 विकेट, नवीन चैहान, प्रदीप वनवासी और पीतांबर मरावी ने 2-2 विकेट व प्रवीण बर्मन ने 1 विकेट हासिल किए। 89 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाईएससी अमरपुर के लिए ओपनिंग बल्लेबाज पीतांबर मरावी ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों पर 3 चैंके व 4 शानदार छक्कों की मदद से 37 रनों की पारी खेली वहीं अमजद खान 9 रन, पालाश चैधरी 14 रन एवं मीत त्रिपाठी 10 की पारी खेली। वाईएससी अमरपुर 8.2 ओवरों में ही 94 रन बनाकर शानदार 8 विकेटों से जीत दर्ज कर फाइनल में अपना जगह पक्का कर लिया। पेंथर मंडला के लिए देवराज यादव और विवेक मार्को 1-1 विकेट हासिल किए। इस पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एम्पायर पुरूषोत्तम ठाकुर एवं रामस्वरूप बर्मन रहे। स्कोरर शिवम वनवासी, रोहित दुबे व केमेट्री के के उसराठे के द्वारा किया गया।



## सुशासन सप्ताह और जन कल्याण पर्व के तहत गांव-गांव में शिविरों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जनकल्याण पर्व और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत निरंतर जनशिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुरुवार को शहपुरा जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत मालपुर और अमेरा में आयोजित जनशिविर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आथित्य और कलेक्टर हर्ष सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुए। ग्राम पंचायत मालपुर के कन्हाईटोला और ग्राम पंचायत अमेरा में आयोजित शिविर का शुभारम्भ कन्या पूजन के साथ किया गया। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। अभियान के तहत शासन और प्रशासन मिलकर ग्राम के मुद्दों को सुलझाने का सार्थक प्रयास कर रही है। ग्राम पंचायतों में कुछ ऐसे लोग भी है, जिन्हें योजना का लाभ किसी कारणवश नहीं मिला पाया है, उन्हें शिविर में निराकृत कर रहे है। चिन्हित समस्याओं को हल करने लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहे है। विधायक श्री धुर्वे ने वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से चर्चा की, उन्होंने कहा कि सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक के सहयोग से सभी को योजनाओं से वंचित लाभार्थी लाभ प्राप्त कर सकते है, इसके लिए घर घर सर्वे कर लाभ दिया जाएगा। शिविर में लोगों को चिन्हित कर जानकारी सम्बंधित विभागों को दी जा रही है, जिससे हितग्राहियों को लाभ मिल सकेगा। कलेक्टर हर्ष सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जनकल्याण अभियान के तहत व्यक्तिगत और सामूहिक हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंचाया जाएगा। भारत सरकार एवं म.प्र. सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जन कल्याण पर्व के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपनी सहभागिता निभाते हुए बड़ी संख्या में शिविरों में शामिल हो रहे हैं। शिविर में आए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविरों में जनसुलभ तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है। शिविरों में पंचायत विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग जन जन तक प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं। इस दौरान विधायक श्री धुर्वे ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया, जिसके तहत लक्ष्मी स्वसहायता समूह को सीसीएल के तहत 1.5 लाख की राशि प्रदान की गयी। उक्त शिविरों में जनपद अध्यक्ष शहपुरा श्रीमती प्रियंका आर्मो, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।



## सीएम राइज स्कूल शहपुरा में वीर बाल दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

डिण्डौरी जिले के शहपुरा नगर स्थित सीएम राइज स्कूल में वीर बाल दिवस सप्ताह के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता और चित्रकला जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए छात्र-छात्राओं ने वीर बालकों और सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी के साहसिक बलिदान को याद किया।गुरु गोविंद सिंह जी ने 16वीं शताबदी में खालसा पंथ की स्थापना की और धर्म की रक्षा के लिए अपने चार साहिबजादोंकृअजीत सिंह, सुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंहकृकी शहादत दी। यह वीर बाल दिवस उन्हीं महान आत्माओं की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता, नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नीरज राजपूत सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और बच्चों को वीरता और बलिदान की प्रेरणा दी।विद्यालय के प्राचार्य यशवंत कुमार साहू ने बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम और वीरता के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर नगर के कई नागरिक, विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का अहम योगदान रहा, जिन्होंने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए पूरी मेहनत से काम किया।

## सरकारी भूमि में अवैध निर्माण ग्रामवासियों ने की रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बस्तरा माल के पोषक ग्राम बरगा रैयत में स्कूल के पास तिराहे में शासकीय भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा जबरन अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। जिससे ग्रामींणों में आक्रोष व्याप्त है और निर्माण कार्य में रोक लगाये जाने को लेकर विगत दिन कलेक्टर को षिकायत दर्ज कराया है। अपनी लिखित षिकायत में हवाला दिया है कि ग्राम बरगा में सरकारी स्कूल के पास स्थित आबादी भूमि में सामुदायिक भवन निर्माण कराया जाना है लेकिन गांव के ही देवीसिंह मार्को द्वारा बेजा कब्जा कर निजी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस आबादी भूमि से लोगों का आवागमन है इस बावद ग्रामींणों के मना करने पर विवाद किया जा रहा है। ग्रामींणों ने मांग किया है कि तत्काल निर्माण कार्य में रोक लगाते हुए अतिक्रमण हटाया जाये। षिकायतकर्ता में उप सरपंच शोभासिंह , मुकक्ददम पारम्परिक ग्राम सभा बरगा रैयत, अध्यक्ष पेसा एक्ट बरगा , रामकुमार , दषरथ सिंह , आन्नद बर्मन, कैलाष प्रसाद, रोषन लाल, राजेन्द्र, राजकुमार , सहित दर्जनों ग्रामींण शामिल है।

## भाजपा मंडल मेहदवानी में सुशासन दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अवधराज बिलैया जी के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष सुदामा बर्मन के मार्गदर्शन में मेंहदवानी के समस्त बूथों में भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल मेहदबानी के शक्तिकेन्द्र सुखलौंडी के बूथ उमरिया में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बने सड़क में भाजपा के झंडा लेकर पदयात्रा निकाला गया। पदयात्रा के पश्चात सभा का आयोजन किया गया सभा में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आदरणीय *श्री बद्री प्रसाद साहू, भाजपा मंडल मेहदबानी के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं साहू समाज के जिलाध्यक्ष दुर्गेश साहू भारत रत्न के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू,रमेश साहू,चमर सिंह पूसाम,चमरा सिंह पट्टा,रामस्वरूप साहू,सुदामा साहू,घनश्याम मानिकपुरी, पूरन लाल साहू,घनश्याम साहू, शैलेंद्र कुलस्ते जी,रविन्द्र लारिया ,विनोद धूमकेति, देवी साहू,जयश्री राम साहू,प्रदीप साहू,शिव प्रसाद झारिया, दादू लाल उरवे,सेवक लाल ,अर्जुन सिंह ,ओमप्रकाश साहू,अरविंद मानिकपुरी,कमला झारिया,सम्मत सिह,एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## आवारा कुत्तों को अनैतिक ढंग से संरक्षण देने पर दो को नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिले में आवारा कुत्तों के हमले के कारण भयावह घटना निर्मित होने व अनैतिक ढंग से संरक्षण देने पर वार्ड क्रमांक 9 निवासी दो लोगों को एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन द्वारा नोटिस जारी किया गया है। वार्ड क्रमांक 9 नर्मदागंज निवासी लक्खु कछवाहा और तपस्या दुबे को नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में लेख किया गया है कि सार्वजनिक सड़कों को आवारा जानवरों, विशेष रूप से हिंसक और पागल कुत्तों के खतरे से मुक्त और सुरक्षित रखना नगरीय निकाय का प्राथमिक कर्तव्य है। परंतु आपके द्वारा अनैतिक ढंग से कानून के प्रावधानों के विपरीत जाकर आवारा कुत्तों को खाद्य पदार्थ का लालच देकर क्षेत्रीय बनाया जा रहा है, जिससे वे नगरीय क्षेत्र में आने वाले किसी भी व्यक्ति पर हमला कर देते हैं। साथ ही आवारा व खतरनाक श्वान पैदल चलने वालों के लिए खतरा बन रहे हैं। विगत दिनों हुई घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे यह प्रमाणित होता है की उक्त घटना आपकी लापरवाही और चूक के कारण हुई है। आपका प्राथमिक, अनिवार्य और बाध्यकारी कर्तव्य है कि आप नगर को सुरक्षित रखें और अस्वच्छता, उपद्रव आदि को दूर करें। आपके उक्त कृत्य से इंसानों और बेजुबान जानवरों के बीच लगातार टकराव पैदा हो रहे हैं और ये निश्चित रूप से हर बीतते दिन के साथ बढ़ रहे हैं। न्यायालय द्वारा पारित मनुष्य के जीवन के अधिकार की रक्षा के मद्देनजर रखते हुए दोनों व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि तीन दिवस के अंदर स्थिति स्पष्ट करे अन्यथा की स्थिति में दोनों के विरुद्ध निकाय विधि संगत कार्यवाही करने के लिए बाध्य है। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधितों को होगी।

**खबर संक्षेप**

## महाराज श्री का हुआ आगमन



**नरसिंहपुर।** श्री श्री 1008 अनंत विभूषित राष्ट्रीय संत श्री सनकादिक जी महाराज चित्रकूट धाम का गुरुवार को श्री देव सिद्ध बाबा मंदिर बायपास रोड में आगमन हुआ। महाराज श्री के आगमन पर दूल्हा देव मंदिर से लेकर बाईपास श्री सिद्ध बाबा झरना तक उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उनकी अगवानी की। इस अवसर पर सत्संग में बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों ने भाग लिया। भक्त मंडली ने बताया कि वे 28 दिसंबर को ब्रह्मांड घाट के लिए प्रस्थान करेंगे।

## भाजपा अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आज दिनांक 27 दिसंबर शुक्रवार को दोप. 12 बजे से जिला कार्यालय नरसिंहपुर में रायशुमारी का आयोजित की गई है। यह रायशुमारी भोपाल सांसद व जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न होगी जिसमें आपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की जावेगीं।

## जिले भर में करीब एक लाख 75 हजार छात्रों की तैयार होनी है अपार आइडी

**अपडेट नहीं हैं छात्रों के आधार अपार आईडी बनाने में हो रही परेशानी**

**तेंदूखेड़ा** छात्र-छात्रों की अपार आईडी बनाने में आधार अपडेट न होने से कई परेशानियां आ रही हैं। शिक्षक से लेकर छात्र अभिभावक परेशान हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों के लिए डिजिटल लॉकर की दुकान की अपार आइडी बनाई है।जिले भर में करीब दो लाख छात्रों की अपार आइडी बनाई गई है।

**12 अंकों का यूनिक नंबर जारी होगा**

अपार आइडी एक ऐसी प्रणाली है जिसमें भारत सरकार की ओर से सभी विद्यार्थियों-छात्रों के लिए 12 अंकों का एक यूनिक नंबर जारी होगा। परमानेंट एजुकेशन नंबर के आधार पर तैयार इस आईडी को आधार कार्ड से भी जोड़ा जाएगा। इसकी सहायता से भविष्य में सभी विद्यालयों के छात्रों शिक्षकों की शैक्षिक प्रगति की ट्रैकिंग की जा सकेगी। रोजगार व नौकरियों में आसानी होगी। अपार आइडी के माध्यम से नियोजक छात्र छात्रों से जुड़े हुए सभी प्रकार के विवरण आसानी से देख सकते हैं। सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं फ़र्ज़ी मार्किट लगाकर जॉब हासिल करना आसान नहीं रहेगा। स्कूल के दौरान बीच में ही पढ़ाई छोड़ने वाले ड्रॉपआउट बच्चों को इस अपार आइडी को पहचानने का माध्यम से आसानी से पता चल गया। छात्रों के अभिभावकों के लिए अपार आइडी अनिवार्य है।

## युवती ने किया जहरीला पदार्थ का सेवन,मौत

**हरिभूमि न्यूज़ सिवनी।** सिवनी के आदेगांव थाना क्षेत्र के बिजोरी गांव में युवती ने जहर खा लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार देवकी (19) पिता संतलाल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे उल्टियां होने लगीं। इसके बाद परिवार वाले उसे लखनादौन सिविल अस्पताल ले गए। पुलिस को भी सूचना दी। प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंपा है। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत धुर्वे ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

---

**लोकायुक्त पुलिस की 8 सदस्यीय टीम ने की कार्रवाई**

# 5 हजार की रिश्वत लेते हुए सीएमएचओ व ऑपरेटर गिरफ्तार

**नरसिंहपुर।** गुरूवार को लोकायुक्त पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुये स्वास्थ्य विभाग के मुखिया व ऑपरेटर को 5 हजार की रिश्वत लेते हुये पकड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार जिले मे पदस्थ्य डॉक्टर से वेतन पर हस्ताक्षर करने की एवज मे मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशीष प्रकाश सिंह द्वारा उक्त राशि मांगी गई थी जिसकी शिकायत लोकायुक्त से की गई तथा लोकायुक्त पुलिस की 8 सदस्यीय टीम द्वारा रिश्वत लेते हुये पकड़ा गया। वही लोकायुक्त पुलिस द्वारा सीएमएचओ को मुख्य आरोपी एवं ऑपरेटर को सह आरोपी बनाया गया है।

**वेतन जारी करने के एवज में मांगी गई थी राशि**

### मामला इस प्रकार

लोकायुक्त पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आशीष प्रकाश सिंह द्वारा जिले के स्वास्थ्य केंद्र करेली में पदस्थ डॉ. अपूर्वा श्रीवास्तव से वेतन संबंधी कार्रवाई के लिए 5 हजार रूपये की राशि की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत डॉ श्रीवास्तव द्वारा लोकायुक्त से की गई और कार्रवाई करते लोकायुक्त पुलिस की 8 सदस्यीय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय पहुंची और 5 हजार रूपये की राशि अधिकारी द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपिका नामदेव को देने के लिये कहा गया तभी लोकायुक्त पुलिस द्वारा धरदबोचा गया तथा आवश्यक कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दीपिका नामदेव को सह आरोपी बनाया गया है।

### एक सप्ताह पूर्व की थी शिकायत





मिली जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी आशीष प्रकाश सिंह द्वारा वेतन एवं छुट्टी स्वीकृत करने पर भी राशि की मांग की जाती है। विचारणीय है कि जिले में बड़ी संख्या मे डाक्टर पदस्थ्य यदि इस प्रकार का आलाम था तो इनके द्वारा मोटी कमाई कर ली गई होगी। लोकायुक्त द्वारा की गई कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का काला चेहरा सामने आया। वेतन की कार्रवाई प्रतिमाह की जाती है यदि अधिकारी द्वारा उक्त राशि की मांग ना जाने कितने कर्मचारियों से की जा चुकी है और मालामाल हो चुके थे। लगभग एक सप्ताह पूर्व लोकायुक्त पुलिस से महिला डाक्टर शिकायत की गई थी जिसके बाद लोकायुक्त ने जाल बिछाकर आरोपियों को पकड़ा गया।

### भ्रष्टाचार निवारण प्रकरण किया कायम

लोकायुक्त टीम ने डॉ. एपी सिंह और महिला कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। टीम अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या और भी कर्मचारी या अधिकारी इस भ्रष्टाचार में शामिल हैं। डॉ. सिंह के खिलाफ पहले भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन यह पहली बार है जब उन्हें रंगे हाथ पकड़ा गया है। उक्त कार्रवाई में डी एस पी सुरेखा परमार, निरीक्षक कमल उइके सहित अन्य 6 लोग शामिल रहे।

---

## वीर बाल दिवस पर हुए विविध आयोजन

नरसिंहपुर

सिख धर्म के 10 वे गुरु गोविन्द सिंह जी के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी व बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में जिले भर में विभिन्न आयोजन किए गए इसी क्रम में नरसिंहपुर नगर में स्थानीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम व उत्कृष्ट विद्यालय में डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया। साथ ही स्टेशन स्थित गुरूद्वारे में विशेष सभा का आयोजन कर शब्द कीर्तन एवं अरदास किया गया। उक्त अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, नपा अध्यक्ष पंडित नीरज महाराज, पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी, जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, सुनील कोठारी, कार्यक्रम प्रभारी बंटी सलूजा, सोशल मीडिया जिला संयोजक श्रीकांत श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष अंशुल नेमा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा सोनी, मंडल महामंत्री अभिषेक नेमा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव, गौरव तिवारी, विजित सलूजा, अमन चौरसिया, नितिन पटेल, अजय अहिरवार सहित पार्टी पदाधिकारी, स्कूल स्टाफ,छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

---

**संगोष्ठी सभा का हुआ आयोजन**

## अटल जी की पहचान उनके देश हित के निर्णयों से: सोनी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

गत दिवस भाजपा कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वी जन्म जयंती के अवसर पर उनके जीवन दर्शन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़यि, वरिष्ठ भाजपा नेत्री संध्या कोठारी द्वारा भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया एवं सभी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर जीवन वृतांत को देखा। तत्पश्चात आयोजित संगोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कैलाश सोनी ने कहा कि नेता की पहचान उसकी नीति, नियत व निर्णय लेने की क्षमता से होती है श्रद्धेय अटल जी की पहचान उनके देश हित में लिए गए निर्णयों से की जाती है चाहे वह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के माध्यम से गांवों को शहरों से जोड़ना हो स्वर्णिम चतुर्भुज योजनों के माध्यम से देश के बड़े शहरों को आपस में जोड़ना हो, परमाणु परिक्षण के माध्यम से विश्व को भारत की शक्ति का एहसास दिलाना हो, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को कम दर पर पैसे मोहैया कराना हो और नदी जोड़ो योजना के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुचाने का सपना हो जिसे आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 100 वी जन्म जयंति के अवसर पर केन - बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से साकार कर रहे है। मोदी जी की सरकार अटल जी के पद चिन्हों पर चलते हुए गरीब कल्याण के कार्य में जुटी हुई है। अटल जी सबसे ज्यादा बोलने वाले राजनेताओं में से एक थे। मगर कभी भी अपनी बात से किसी का भी दिल नहीं दुखाया वे दलों के नहीं लोगों के दिलों पर राज करने वाले नेता थे। अटल जी ने जनसंघ के समय से लेकर भाजपा को वट वृक्ष के रूप में स्थापित करने तक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कड़ी मेहनत की जिसका परिणाम है कि आज हमें उस पेड की छाव में बैठने का अवसर प्राप्त हो रहा है। संगोष्ठी पश्चात वरिष्ठ नेता कैलाश सोनी, महंत प्रीतम पुरी गोस्वामी, रमेश नेमा का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके पूर्व जिले भर के 22 मंडलों के बूथों पर अटल जी की जन्म जयंति मनाई गई एवं मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजति अर्पित की गई। मंडल मुख्यालयों पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया साथ ही प्रत्येक मंडल में स्थित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर सुशासन यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी का आयोजन हरिप्रताप ममार, विनीत नेमा, निशा सोनी, अभिषेक रघुवंशी व शिवम श्रीवास्तव द्वारा किया गया। संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री डॉ. हरगोविन्द पटेल व आभार ठाकुर राजीव सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्ष गण, मोर्चा अध्यक्ष गण वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## वैश्य महासम्मेलन इकाई का कार्यक्रम संपन्न



**नरसिंहपुर।** गत दिवस वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश तहसील इकाई का सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजन में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चौ. अजय जैन तेंदूखेड़ा के प्रथम नगर आगमन पर कार्यक्रम हुआ। आयोजन में सर्वप्रथम मां सरस्वती लक्ष्मी गणेश जी की पूजन के पश्चात जिलाध्यक्ष चै. अजय जैन सहित जिला संरक्षक संतोष अवधिया कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर जैन, संभागीय कार्यसमिति सदस्य व जिला महामंत्री मुकेश सिंघई, युवा ईकाई के जिला प्रभारी अमित जैन संजय, जिला उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, तेन्दूखेड़ा तहसील अध्यक्ष पंकज स्वदेशी का मोतीमाला से स्वागत किया गया। उपस्थित समस्त वैश्य बंधु एवं मातृ शक्तियों के परिचय के पश्चात उद्बोधन की श्रृंखला में प्रदेश मंत्री इंजी. सुनील कोठारी ने समस्त वैश्य बंधु एवं मातृशक्ति को समाज हित और देशहित में कदम से कदम मिलाकर सहयोग करने की बात कही। जिलाध्यक्ष चै. अजय जैन ने सभी को समाज के सभी आजीवन सदस्यों से माह में एक या दो बार मिलने और संपर्क बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वैश्य महासम्मेलन के निर्धारित वार्षिक 12 कार्यक्रमों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई साथ ही साथ सभी कार्यक्रमों के प्रभारी बनाए जाने हेतु विचार विमर्श हुआ। तत्पश्चात वैश्य महासम्मेलन के नवीन वर्ष 2025 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। तहसील नवीन कार्यकारिणी के गठन किया गया। जिसमें प्रेस फोटोग्राफर संजय राय को मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैश्य बंधु एवं मात्रशक्ति उपस्थित रही।

---

## पैरोल से फरार आरोपी गिरफ्तार



**नरसिंहपुर।** बीते दिनो केन्द्रीय जेल से पैरोल पर गया बंदी फरार हो गया। उक्त बंदी पर हत्या के मामले मे आजीवन कारावास से दण्डित किया गया था जो पैरोल से फरार हो गया। जिसकी शिकायत पर थाना स्टेशन गंज पुलिस ने आरोपी को जबलपुर से गिरफ्तार किया गया। सत्र प्रकरण क्रमांक 104/2018 धारा 302, भादवि एवं 25 (1-ए-ए) आर्म्स एक्ट के मामले में दंडित बंदी कमलेश पिता कल्लू उर्फ कालूराम पटेल, उम्र 31 साल, निवासी बगासपुर, थाना गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर को न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 14.08.2019 को क्रमशः आजीवन कारावास, 07 वर्ष सश्रम कारावास (सहचलित) एवं अर्थदण्ड 6000- रूपये न देने पर 01 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया था। दंडित बंदी कमलेश पिता कल्लू उर्फ कालूराम पटेल, उम्र 31 साल, निवासी बगासपुर, थाना गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर दिनांक 02.09.2024 को 16 दिवस पैरोल पर रिहा हुआ था जिसे दिनांक 17.09.2024 को जेल वापस आना था जो समय पर उपस्थित न होकर फरार हो गया था। उक्त फरार दंडित बंदी के पैरोल से फरार होने की सूचना पर थाना स्टेशनगंज में अपराध क्रमांक 724/2024 धारा 262 बीएनएस पंजीबद्ध कर उसकी तलाश की गयी जिसके परिणाम स्वरूप मुखबिर क सूचना पर संजीवनी नगर, पुरवा गढा पानी टंकी के पास जबलपुर से गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त की गयी। पैरोल से फरार दंडित बंदी कमलेश पटेल की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में सउनि धनीराम सोनी, आरक्षक योगेन्द्र एवं आरक्षक जितेन्द्र राणा, सैनिक अवधेश जाट, सैनिक मनीष पाराशर की सराहनीय भूमिका रही है।

---

## नरेंद्र राजपूत पर्यवेक्षक नियुक्त



**नरसिंहपुर।** आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव हेतु एआईसीसी द्वारा नरसिंहपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत को दिल्ली क्षेत्र के आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री राजपूत को पूर्व विधायक संजय शर्मा की अनुशंसा पर दिल्ली विधानसभा हेतु उक्त विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।इस मौके पर शुभचिंतकों एवं मित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

---

## मुआर घाट से दुभाघाट तक पंचकोशी यात्रा संपन्न



**गोटेगांव।** समीपवर्ती मुआर घाट से होकर दुभा घाट तक एक दिवसीय पंचकोशी यात्रा संपन्न हुई,मां नर्मदा पंचकोशी सेवा समिति के माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, पंचकोशी यात्रा में सर्वप्रथम मुआर घाट में भक्तों के द्वारा मां नर्मदा जी का पूजन अर्चन किया गया उसके उपरांत पैदल पंचकोशी यात्रा दुभा घाट से नौका के माध्यम से नर्मदा जी को पार कर दक्षिण तट से होते हुए पुनः मुआरघाट में आकर यात्रा समाप्त हुई, यात्रा के उपरांत भक्तों के द्वारा मां नर्मदा जी का विधिवत अभिषेक श्रृंगार एवं दीपदान कर हवन भोग लगाकर मां नर्मदा जी की महाआरती की गई।वही मां नर्मदा पंचकोशी सेवा समिति एवं समस्त भक्तों के सहयोग से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पुलिस मुस्तैद रही वहीं घाट पर गोताखोर टीम मोटर बोट सहित तैनात रही इस यात्रा में विधायक महेंद्र नागेश,शैलू नेमा सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।

---

## नशा मुक्ति जनजागरण कार्यक्रम एवं स्वच्छता हीरो को प्रशस्ति पत्र वितरण



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के सीएम राइज विद्यालय में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सेवा सप्ताह अंतर्गत के विद्यालय में नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न आयोजनों ने माध्यम से युवाओं को नशे से होने वाले नुकसानों की जानकारी साझा कर क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने का अभियान चलाया गया साथ ही साथ नगर पालिका परिषद गोटेगांव द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में अपने योगदान देने वाले छात्रों को स्वच्छता के हीरो के रूप में सम्मानित किया गया कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान से अवगत कराया एवं मनाए जाने वाले वीर बहादुर दिवस के बारे में बच्चों को बताया तथा पूर्व में दो छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कैसे साहसी कार्य से देश के प्रति बलिदान दिया गया उसकी पूर्ण जानकारी देकर बच्चों के अंदर उत्साह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर, नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी दीपक सोनी एवं विद्यालय से शिक्षक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

---


## सांसद प्रतिनिधि संतोष दुबे समाज रत्न अलंकार से सम्मानित, ब्राह्मण सभा के संरक्षक संतोष दुबे को समाज रत्न अलंकार से किया सम्मानित



**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षक संतोष दुबे को समाज रत्न अलंकार से मध्यप्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण सभा जबलपुर के द्वारा सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण सभा द्वारा 69वां वार्षिक अधिवेशन जबलपुर में संपन्न हुआ। जिसमें विधायक अभिलाष पांडे,पंकज दुबे भी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि ब्राह्मण सभा के संरक्षक संतोष दुबे को समाज रत्न अलंकार से सम्मानित किया गया। समाज सेवा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

---

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन संपन्न



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्रीधाम खंड के स्वयं सेवकों के सहभागिता से संघ के शताब्दी(१००)वर्ष पूर्ण होने पर नगर के इंदिरा कन्या शाला के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित हुआ जो नगर के मुख्यमार्गों में भ्रमण करते हुए पथ संचलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।जिसमें मुख्यअतिथि सत्यनारायण मिश्रा, एवं मुख्यवक्ता हरगोविंद शर्मा ने अपने उद्बोधन से सभी स्वयंसेवक एवं समाज के सहभागियों को जागृत कर उनके अंदर राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई।

---

## स्वामित्व योजनांतर्गत कार्यक्रम आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में स्वामित्व योजना के अंतर्गत केंद्र स्तरीय कार्यक्रम 27 दिसम्बर को किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चयनित स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से बात करेंगे। जिले में स्वामित्व योजना अंतर्गत सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में समारोहपूर्वक जिला व ग्राम स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान 12 मार्च 2024 के उपरांत स्वामित्व योजना के निराकृत प्रकरणों में पात्र हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण किया जायेगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने गाडरवारा, सांईखेड़ा, गोटेगांव, नरसिंहपुर, करेली व तेंदूखेड़ा के तहसीलदार सहायक सर्वेक्षण अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये हैं। आयोजित कार्यक्रम 27 दिसम्बर को दृष्टिगत रखते हुए उक्त योजना के तहत वितरण से शेष समस्त हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण पूर्व से न करते हुए जिला व ग्राम स्तरीय कार्यक्रम के दौरान किया जाये।